Caritas® INDIA
The Joy of Service...

उम्मीद का सफर
सेवा मे साझेदारी

चालीसा का समय गहराई से सोचने और आत्म–मंथन करने का होता है। यह वह मौका है जब हम अपने भीतर झांकते हैं, सोचते हैं, और अपने आप को सुधारते हैं ताकि हम यीशु मसीह की शिक्षाओं के आधार पर बेहतर इंसान और निस्वार्थ बन सकें। यह समय हमें सिखाता है कि कैसे अपने जीवन में बदलाव लाकर दूसरों की भलाई के लिए काम किया जा सकता है।

इस वर्ष का अभियान समुदाय को एकजुट आने के लिए आमंत्रित करता है विशेष रूप से बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों, संकटग्रस्त मानवता, गरीबों और उपेक्षित लोगों के उत्थान के लिए 2025 में विभिन्न विकास कार्यक्रमों के माध्यम से सतत विकास और कल्याण को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखता है।हमारी प्रतिबद्धता समग्र मानव विकास लिए है, और हम जरूरतमंदों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओ को पूरा करने के लिए लगातार कार्यरत हैं।

चालीसा अभियान 2025

इस साल के चालीसा अभियान 2025 का विषय है "उम्मीद का सफरः सेवा मे साझेदारी"।

गरीबों की सहायता करते समय हम उनकी ताकत और सहनशक्ति से प्रेरणा लेते हैं। उनका धैर्य और उम्मीद रखने का जज्बा हमें बदल देता है। जैसा कि पोप फ्रांसिस ने कहा हैरू ष्हमें अपने अंदर की उम्मीद की लौ को जलाए रखना चाहिए और दूसरों को भी यह सिखाना चाहिए कि खुले दिल और भरोसे के साथ भविष्य की ओर कैसे देखा जाए।

आज की दुनिया में हर जगह दुख और निराशा दिखती है प्रवासी अपनी जान जोखिम में डालकर बेहतर जिंदगी की उम्मीद में घर छोड़ते हैंय युद्ध के कारण लोग अमानवीय हालातों में जीने को मजबूर हैंय गरीबी और भूख से लोग जूझ रहे हैं। जाति, लिंग, शारीरिक या मानसिक अक्षमता की वजह से कई लोग समाज से बाहर कर दिए जाते हैं या भेदभाव का सामना करते हैंय नशे की चपेट में फंसे लोग, बुजुर्ग, और अकेले लोग भी इन समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

आओ, साथ मिलकर कदम बढ़ाएं

"उम्मीद का सफरः सेवा मे साझेदारी" विषय हमें उन लोगों के प्रति संवेदनशील और दयालु बनने के लिए प्रेरित करता है, जो दुखी, आहत, समाज से बहिष्कृत, भेदभाव का शिकार और अपने अधिकारों से वंचित हैं। जैसा कि हमें आशा के साथ गरीबों के साथ यात्रा करने के लिए बुलाया गया है, यहाँ कुछ तरीके दिए गए हैं जिनसे सद्भावना रखने वाला हर व्यक्ति कारितास इंडिया के 2025 चालीसा अभियान में शामिल होकर इसे बढ़ावा दे सकता है

अपने पड़ोसी को जानें:
किसी दिव्यांग व्यक्ति या किसी जरूरतमंद परिवार से मिलें ताकि प्रेम, सम्मान और शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व को समझ सकें।

भोजन और पोषण:
कुपोषितों की मदद करें, सामुदायिक रसोई का आयोजन करें या भोजन प्रायोजित करें।

सीखने की प्रक्रिया को बढ़ावा दें:
कम अवसर प्राप्त लोगों को कौशल, भाषा और आत्म–सम्मान सिखाएं।

सामुदायिक मंच:
बंधुत्व संघ को मजबूत करने के लिए सहयोग दें।

दान करें:
अपने एकमुश्त या मासिक दान से जीवन बदलें।

स्वयंसेवा करें:
दिव्यांग व्यक्तियों को सहायता, शिक्षा या मार्गदर्शन प्रदान करें।

संदेश फैलाएं:
सोशल मीडिया पर चालीसा अभियान को बढ़ावा दें, जागरूकता बढ़ाएं और दूसरों को प्रेरित करें।

हमारा उद्देश्य

इस अभियान का उद्देश्य साझेदारी की भावना को बढ़ावा देना, सामुदायिक एकता को मजबूत करना, और जरूरतमंद लोगों की भलाई के लिए योगदान करना है।

इस साल, कारितास इंडिया सभी कलीसियाई समुदायों और सद्भावना रखने वाले लोगों को आमंत्रित करती है कि वे आगे आएं और साथ मिलकर बच्चों एव दिव्यांग व्यक्तियों, संकट में पड़े लोगों और हाशिए पर जीवन बिता रहे उन लोगों की जिंदगियों को बेहतर बनाने के लिए सेवा और सहयोग करें, जो ईश्वर के प्रेम की सच्ची छवि हैं। जब हम नए विचारों और दृष्टिकोणों को अपनाते हैं, तो हम अपने क्षितिज का विस्तार करते हैं और मानव अनुभवों की समृद्धि और विविधता को और गहराई से समझते हैं।

अभियान 23–24
योगदान और पहुँच

हम **'मानवता में भाईचारा'** अभियान में योगदान देने वाले व्यक्तियों, समुदायों और संस्थानों का दिल से धन्यवाद और सराहना करते हैं।

वित्तीय वर्ष 2023–2024 योगदान 2.14 करोड़

14 क्षेत्रों में 21,525 लोगों तक मदद पहुंचाई गई

कारितास इंडिया अपने सभी धर्मप्रांतीय साझेदारों, क्षेत्रीय सहयोगी संस्थाओं और सभी स्थानीय कलिसिया से आग्रह करता है कि वे हमारे चालीसा अभियान को सभी विश्वासियों और स्थानीय समुदायों के बीच बढ़ावा दें। आइए हम सब मिलकर "उम्मीद का सफरः सेवा मे साझेदारी" में एक साथ चलने की शपथ लें।

सहायता

10,000 दिव्यांग व्यक्ति



हाशिए पर गरीब व उपेक्षित समुदाय



मानवीय संकट के उत्तरजीवी

दान करने के लिए स्कैन करें

आप सीधे बैंक ट्रांसफर के माध्यम से भी कारितास इंडिया को अपना दान भेज सकते हैं

खाता संख्या	:	0153053000007238
खाता नाम	:	Caritas India
आई एफ एस सी कोड	:	SIBL0000153
बैंक का नाम	:	South Indian Bank

कृपया अपने योगदान की पुष्टि के लिए accounts@caritasindia.org पर सूचना भेजें।

सी बी सी आई सेंटरए 1 अशोक प्लेस, नई दिल्ली 110001
फोन: (011) 23363390, 23742339 | ईमेल: director@caritasindia.org | वेबसाइट: www.caritasindia.org